हम सब जय जयकार करे

भव सागर को पार करे.
ऐसा कुछ उपचार करे ।
मारुती नंदन की आओ,
हम सब जय जयकार करे ॥

शंकर सुमन केसरी नंदन,
अंजनी माता के प्यारे ।
चरणों में करने वंदन
आये हम तेरे द्वारे ॥

फल समझा और निगल गए,
सूरज को तो बचपन में ।
वही तुम्हारी बाल छवि,
बसी हुई मेरे मन में ॥

राम मिलाकर सुग्रीव से,
काम बनाये दोनों के ।
मेरी भी विनती सुन लो,
हार गया मै रो-रो के ॥

सीता माँ का खोज किया,
सोने की लंका जारी ।

अब तो मेरे भी सुध लो,
ओ भक्तन के हितकारी ॥

लक्ष्मण को जब बाण लगी,
लाय हिमालय से बूटी ।
मेरे भी दु:ख दूर करो,
ओ दु:ख भंजन मारुती ॥

अहिरावण को दिया पछाड़,
नाग -पाश की व्यथा टली ।
शरण तिहारे मै आया,
दया करो बजरंग बली ॥

राम -सिया के भक्त अनुठे,
चीर के छाती दिया प्रमाण ।
हाथ जोड़ मै करूँ वंदना,
कृपा करो मुझपर हनुमान ॥

Source:
https://www.bharattemples.com/maruti-nandan-ki-aao-hum-sab-jai-jaikaar-kare/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw